web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 27 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-60

## सुको ने बिहार सरकार को लगाई फटकार, दी चेतावनी

### मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस

नई दिल्ली (आरएनएस)। मुजफ्फरपुर बालिका गृह यौन उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज नीतीश सरकार अच्छी खासी क्लास लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सरकारी नाकामी को लेकर फटकार लगाते हुए अफआईआर कॉपी सही करने का आदेश भी दिया है। कोर्ट ने कॉपी को सही करने लिए बिहार सरकार को 24 घंटे की समय-सीमा तय कर दी है।



साथ में एफआईआर में आईपीसी और पोक्सो एक्ट के साथ धारा 377 यानि दुष्कर्म के चार्ज जोड़ने का हुक्म दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि अगर हमने पाया कि केस में धारा 377 आईपीसी और पोक्सो एक्ट के तहत अपराध थे और आपने प्राथमिकी दर्ज नहीं की तो हम सरकार के खिलाफ आदेश पारित कर देंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को चिंहित करते हुए कहा कि आप क्या कर रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह शर्मनाक है। अगर बच्ची के साथ लागातार दुष्कर्म हुआ है और आप कहते हैं कि यह कुछ भी नहीं है? भला आप ये कैसे कर सकते हैं? यह अमानवीय है। हमें बताया गया है कि मामला बड़ी गंभीरता से देखा जाएगा, यह है आप की गंभीरता?

हर बार जब मैं इस फाइल को पढ़ता हूं तो महसूस करता हूं कि ये दुखद है।

## साधु के वेश में आतंकवाद का अफवाह फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

अयोध्या (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश (यूपी) अयोध्या में साधु के वेश में आकर आतंकी हमले करने की अफवाह फैलाने के मामले में



पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। युवक ने आतंकियों के साधु के वेश में होने और अयोध्या में धर्मसभा में हमले करने की अफवाह फैलाई थी। जिस पर प्रशासन के कान खड़े हो गए थे।

गौरतलब है कि रविवार को अयोध्या में विश्व हिंदू परिषद की तरफ से धर्मसभा का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्तों ने भाग लिया। धर्मसभा के लिए पूरी अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस बीच यह भी खबर आयी कि अयोध्या में आतंकवादी साधु वेश में प्रवेश कर गए हैं और किसी भी वक्त हमला कर सकते हैं।

## एनजीटी के आदेश पर रोक क्यों नहीं लगनी चाहिए ?

### चारधाम परियोजना पर कोर्ट ने केन्द्र से पूछा




नयी दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केन्द्र से जानना चाहा कि उत्तराखंड के चार पवित्र नगरों को जोड़ने वाली सभी मौसमों वाली सड़कों के निर्माण की महत्वपूर्ण चारधाम परियोजना को मंजूरी देने के राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश पर रोक क्यों नहीं लगायी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति आर एफ नरिमन और न्यायमूर्ति नवीन सिन्हा की पीठ ने दो सप्ताह के भीतर इस पर केन्द्र से जवाब मांगा है। इस परियोजना के तहत यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को सभी मौसम की सड़कों से जोड़ा जायेगा।

## दिल्ली सरकार पर एनजीटी ने लगाया 1 करोड़ का जुर्माना

नईदिल्ली (आरएनएस)। जल प्रदूषण मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने अरविंद केजरीवाल सरकार पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. वहीं दिल्ली जल बोर्ड पर भी एक करोड़ रुपये का ही जुर्माना लग है. एनजीटी ने जल प्रदूषण को लेकर यह आदेश सुनाया है.

बता दें कि इससे पहले अक्तूबर में भी एनजीटी ने दिल्ली सरकार पर कड़ा रुख अपनाया. एनजीटी ने प्रदूषण को रोकने में नाकाम रहने पर दिल्ली सरकार पर 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था.

एनजीटी के मुताबिक दिल्ली की करीब 62 बड़ी यूनिट्स पर लगाम लगाने में डीपीसीसी के नाकाम रहने के कारण यह जुर्माना लगाया गया.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईएस को वित्तपोषण हेतु पाक महिला ने बिटकॉइन का किया इस्तेमाल

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। पाकिस्तानी मूल की एक अमेरिकी महिला ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) को चीन, पाकिस्तान और तुर्की की सीमाओं के जरिए वित्तपोषण करने के लिए बिटकॉइन का उपयोग करने की बात एक संघीय अदालत में स्वीकार कर ली है। जूबिया शहनाज (27) ने सोमवार को न्यायधीश जोआना सेबर्ट के समक्ष न्यूयॉर्क की सेंट्रल इसलिप संघीय अदालत में यह बात स्वीकार कर ली।

### जंगलों में मिला हथियारों का जखीरा जब्त

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को पस्त करने में जुटे सुरक्षाबलों को घाटी के गांदरबल जिले में एक और कामयाबी मिली है। यहां राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों ने मिलकर एक आतंकी अड्डे का पता लगाया है। आतंकियों के छुपने के लिए बनाए गए इस ठिकाने से बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं।

### तस्करी करके लाए गए कछुओं को वापस भारत भेजा गया

सिंगापुर (आरएनएस)। सिंगापुर में तस्करी के जरिए लाए गए 51 इंडियन स्टार कछुओं को सिंगापुर एयरलाइंस के विमान से वापस भेज दिया गया है। इंडियन स्टार टॉरटॉइज कछुओं की एक संकटग्रस्त प्रजाति है। जिनकी तस्करी महंगे विदेशी पालतू पशु (एक्जोटिक पेट) के रूप में की जाती है। एक्जॉटिक पेट ऐसे जीव होते हैं जो आमतौर पर जंगलों में रहते हैं लेकिन उन्हें कुछ लोग शौकिया तौर पर अपने घरों में रख लेते हैं। 'द स्ट्रेट टाइम्स' ने मंगलवार को अपनी खबर में कहा कि इतनी बड़ी संख्या में इंडियन स्टार टॉरटॉइज को वापस भेजे जाने की यह पहली घटना है। भूरे खोल के ऊपर पीले रंग के बड़े-बड़े स्टार वाले ये कछुए भारत में सूखे स्थानों में पाए जाते हैं।

### गोवा में समुद्र से जाल निकालते वक्त जशपुर के मजदूर की मौत

जशपुर। गोवा में समुद्र से जाल निकालते वक्त जशपुर के मजदूर की मौत, गोवा से मृतक सुमत डनसेना की लाश गांव पहुंची, शिपिंग कम्पनी ने दस हजार की आर्थिक मदद की, फरसाबहार तहसील के टिकलीपारा गांव का निवासी था मृतक।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने दी नसीहत

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नसीहत दी है कि जब वह गैर भाजपा शासित राज्यों का दौरा करें तो अपने बयान पर ध्यान देना चाहिए। मनमोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री को विवादित बयान देने से बचना चाहिए और लोगों के सामने बेहतर उदाहरण पेश करना चाहिए। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री को मेरा सुझाव है कि बतौर प्रधानमंत्री उन्हें अपने बयान सोच-समझकर देना चाहिए और प्रधानमंत्री पद की गरिमा को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री गैर भाजपा शासित राज्यों का दौरा करते हैं तो मुझे लगता है कि उन्हें ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए जिससे की पीएम पद की गरिमा को ठेस पहुंचे। मनमोहन सिंह जब प्रधानमंत्री थे।

### अमरकंटक और अंबिकापुर एक्सप्रेस के कोच के दरवाजों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

दुर्ग। दुर्ग रेलवे स्टेशन से निकलने वाली दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस की बोगियों के दरवाजों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। इसका प्रस्ताव बोर्ड को भेजा गया है। आदेश मिलने के बाद आगे कार्रवाई होगी। इन दिनों ट्रेन के कोच के अपग्रेडेशन का काम चल रहा है। इसके अनुसार बोगी की छतों पर भी पानी के बोतल लटकाए जा सकेंगे। इससे टॉप बर्थ के यात्रियों को पीने के पानी के लिए मिडिल बर्थ तक नहीं आना पड़ेगा। अंतर्गत रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत दुर्ग से निकलने वाली ट्रेनों का चयन किया गया है।

## दक्षिणी प्रांत में मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके

टोक्यो (आरएनएस)। जापान के दक्षिणी इबाराकी प्रांत में मंगलवार को मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गयी।

स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 33 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसके झटके तोचीगी, गुम्मा और साइतामा प्रांत में भी महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र 37 0 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 139 9 डिग्री पूर्व देशान्तर में जमीन से 50 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

भूकंप के कारण सुनामी संबंधी कोई चेतावनी जारी नहीं की गयी है और ना ही इससे जानमाल की किसी भी तरह की क्षति की फिलहाल रिपोर्ट है।

## 'रूस-यूक्रेन विवाद' को लेकर ट्रंप नाराज

वाशिंगटन (आरएनएस)। क्रीमिया द्वीप के पास यूक्रेन के तीन नौसेना की जहाजों पर रूस की ओर से कब्जा किये जाने के अगले दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि मॉस्को और कीव के बीच जो कुछ भी हो रहा है वह उसे पसंद नहीं करते हैं।



ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, जो कुछ भी हो रहा है वह हमें पसंद नहीं है और उम्मीद है कि यह ठीक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यूरोपीय नेता स्थिति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा,वे (यूरोपीय नेता) रोमांचित नहीं हैं। हम सभी एक साथ काम कर रहे हैं। रूस ने सोमवार को पश्चिमी देशों की ओर से कब्जे में लिये गये यूक्रेनी नौसेना के जहाजों और उनके कर्मचारियों को छोड़ने के लिए की गयी अपील को नजरअंदाज कर दिया था।

## तीसरा विमानवाहक पोत बना रहा है चीन

बीजिंग (आरएनएस)। चीन ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि वह अपना तीसरा विमानवाहक पोत बना रहा है जो पिछले दो विमानवाहक पोतों से ''बड़ा और ज्यादा ताकतवर'' है। अपने देश से काफी दूर के समुद्री क्षेत्रों में अपनी नौसेना की क्षमता बढ़ाने के मकसद से चीन इन तैयारियों में जुटा है। विमानवाहक पोतों के निर्माण के क्षेत्र में देर से कदम रखने वाले चीन ने 2012 में अपना पहला विमानवाहक पोत लियाओनिंग बनाया था। यह यूक्रेन से खरीदे गए पूर्व सोवियत पोत को नया रूप देकर तैयार किया गया था। लियाओनिंग का परिचालन शुरू करने के बाद उसने ताइवान जलसंधि क्षेत्र में कई अभ्यास की



अगुवाई की। इसे प्रयोगात्मक पोत माना जाता रहा है जिसका इस्तेमाल प्रौद्योगिकी पर महारत हासिल करने के लिए किया जाता है। खासकर इसका इस्तेमाल नवनिर्मित जे-15 विमानों के परिचालन के लिए किया जाता है। इसके बाद, चीन ने घरेलू स्तर पर अपना दूसरा विमानवाहक पोत बनाया और पिछले साल इसका समुद्री अभ्यास शुरू किया गया। इस पोत का नाम अब तक नहीं रखा गया है। उम्मीद है कि इसे 2020 तक सेना में शामिल किया जाएगा। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने सोमवार को खबर दी कि चीन ने अपना तीसरा विमानवाहक पोत बनाने का काम शुरू कर दिया है।

## इंडिगो अब वेब चेक-इन के लिए भी लेगी पैसे

### जेट में इकॉनमी क्लास वालों को लाउंज सुविधा नहीं

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो और जेट एयरवेज ने रेवेन्यू बढ़ाने और कॉस्ट घटाने के लिए अपनी स्ट्रैटिजी में बदलाव किया है। इंडिगो ने रविवार को प्रत्येक सीट के लिए एक प्राइस की शुरुआत कर वेब चेक-इन को चार्जेबल बना दिया। इसका मतलब है कि अगर आप एयरपोर्ट पर लंबी कतार से बचने के लिए वेब चेक-इन करते हैं तो आपको इसके लिए भी पैसे देने होंगे। इंडिगो डमेस्टिक मार्केट की किंग है और इसका मार्केट के 43 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा है। ऐसे में दूसरी लो कॉस्ट कैरियर भी इस तरह का कदम उठा सकती है। दूसरी तरफ, जेट एयरवेज ने




इकॉनमी क्लास में यात्रा करने वाले अपने जेट प्रिवलेज लॉयल्टी प्रोग्राम के मेंबर्स को बताया है कि वे अब उसके लाउंज का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।

एक पैसेंजर के ट्वीट के जवाब में इंडिगो ने कहा कि उसके पैसेंजर्स को अपना वेब चेक-इन पूरा करने के लिए एक सीट के लिए भुगतान करना होगा। इंडिगो ने बताया, हमारी संशोधित पॉलिसी के अनुसार, वेब चेक-इन के लिए सभी सीटें चार्जेबल होंगी। विकल्प के तौर पर आप एयरपोर्ट पर फ्री चेक-इन कर सकते हैं। सीटें उपलब्धता के अनुसार दी जाएंगी। एक पैसेंजर के सीट चुनने के आधार पर प्राइस 200 रुपये से 1,000 रुपये के बीच है। पहली कतार की सीटों और इमरजेंसी सीटों के साथ अधिक लेग स्पेस होने के कारण उनका चार्ज अन्य सीटों से अधिक होता है। वेब चेक-इन चार्जेबल होने का मतलब है कि अगर आप अकेले या रूप में सफर कर रहे हैं तब या तो आप अलग-अलग बैठिए या फी मिडल रो को चुनिए।

## मुख्यमंत्री के घर से जिंदा कारतूस के साथ शख्स गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीएम केजरीवाल के घर में घुसने के दौरान एक शख्स के पास से जिंदा कारतूस मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए शख्स नाम इमरान (38) है। इमरान सीएम से मिलने जा रहा था। घटना सोमवार की है जब यह मुख्यमंत्री आवास पर गहन जांच के दौरान सुरक्षाकर्मियों को इमरान के पर्स से .32 बोर की एक जिंदा गोली मिली थी। आधिकारिक बयान के मुताबिक आरोपी को यह गोली अपने पर्स में रख भूल गया था।



मोहम्मद इमरान सीलमपुर का रहने वाला है। वह 12 अन्य इमाम और मौलवी के साथ दिल्ली वक्फ बोर्ड में कार्यरत कर्मियों की सैलरी बढ़ाने का अनुरोध करने के सिलसिले में जनता दरबार में आया था।

## मंगल ग्रह पर उतरा इनसाइट लैंडर

### नासा को मिली बड़ी कामयाबी

लॉस एंजिल्स (आरएनएस)। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा का इनसाइट लैंडर को मंगल ग्रह पर सुरक्षित उतर गया। इस अंतरिक्ष यान के मंगल ग्रह पर उतरने के साथ ही नासा के दो वर्ष तक चलने वाले उस मिशन की शुरुआत हो गयी जिसमें मंगल ग्रह से जुड़े अंतरिक्ष के रहस्यों के बारे में पता लगाया जायेगा।

नासा का इनसाइट लैंडर इस वर्ष पांच मई को प्रक्षेपित किया गया था। वर्ष 2012 में क्यूरोसिटी रोवर के बाद लाल ग्रह के रहस्यों की खोज के लिए पूर्ण रूप से समर्पित नासा का यह पहला मिशन है। इनसाइट लैंडर छह महीने में करीब 48 करोड़ किलोमीटर का सफर तय करने के बाद मंगल ग्रह पर पहुंचा। इनसाइट लैंडर भारतीय समयानुसार सोमवार देर रात करीब एक बजकर 17 मिनट पर मंगल ग्रह पर उतरा। इनसाइट लैंडर सात मिनट के महत्वपूर्ण समय के बाद मंगल पर उतरा। नासा के इस मिशन का लक्ष्य इनसाइट लैंडर के जरिए मंगल की सतह और उसके आंतरिक भागों का अध्ययन करना है।

इनसाइट लैंडर को मंगल पर उतरने के लिए, सात मिनट के महत्वपूर्ण समय के दौरान अपनी गति 20 हजार किलोमीटर प्रति घंटे तक कम करनी पड़ी। इनसाइट लैंडर लाल ग्रह के बारे में ऐसी जानकारियां दे सकता है, जो अरबों सालों से नहीं मिली हैं।

यह यान अपने इस अभियान के दौरान मंगल पर एक साइज्मोमीटर रखेगा जो लाल ग्रह के भीतर की हलचलों को रिकॉर्ड करेगा। इससे मंगल की सतह के अंदर भूकंप जैसी हलचल का पता लगाया जायेगा।

पहली बार इनसाइट लैंडर के जरिए मंगल की खुदाई कर उससे जुड़ी रहस्यमय जानकारियां जुटाई जायेंगी। इसमें एक जर्मन उपकरण भी है जो लाल ग्रह की जमीन के पांच मीटर नीचे जाकर उसके तापमान का पता लगाएगा। तापमान से मंगल ग्रह की सक्रियता का पता लगाया जायेगा। इसके तीसरे प्रयोग में रेडियो तरंगों का भी इस्तेमाल होगा जिससे यह पता चलेगा कि मंगल अपनी धुरी पर डगमगाते हुए कैसे घूमता है। इनसाइट लैंडर के मंगल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद नासा के एडमिनिस्ट्रेटर जिम ब्रिडेनस्टाइन ने कहा,हम मानव इतिहास में आज आठवीं बार मंगल पर सफलतापूर्वक उतरने में कामयाब रहे।

## इस साल भिखारियों से मुक्त हो गई पूरी राजधानी

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी सरकार के राज में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भिखारियों से आजाद हो गई है। यह दावा दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग का है। उसके मुताबिक पिछले दो सालों से लगातार यहां भिखारियों की संख्या शून्य है।

सरकार की ओर से यह दावा उस वक्त किया गया है जब यहां भीख मांगना अपराध नहीं रहा है। हाई कोर्ट ने इसी साल 8 अगस्त को एक मामले में अपना फैसला सुनाते हुए भीख मांगने को अपराध के दायरे से बाहर करते हुए बॉम्बे



प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एक्ट, 1959 के अंतर्गत दिल्ली में लागू कानून के उन सभी प्रावधानों को रद्द कर दिया था जो ऐसा करने को अपराध और इसके लिए अभियोजन और दंड की प्रक्रिया तय करती है। आप सरकार ने

एडवोकेट कुश कालरा के जरिए दायर आरटीआई के जवाब में यह दावा किया है।

कालरा ने बताया कि हाई कोर्ट के संबंधित फैसले के मद्देनजर उन्होंने दिल्ली सरकार से पूछा था कि पिछले 10 सालों में कितने भिखारियों को पकड़ा गया और पकड़े गए भिखारियों को कहां पर रखा जाता है।

जवाब में यहां 11 बेगर्स होम होने और उनमें से सिर्फ एक के चालू होने की जानकारी दी गई। इस जानकारी से असंतुष्ट होकर कालरा ने दोबारा आरटीआई लगाई, जिसमें उन्होंने दिल्ली सरकार से यहां भिखारियों की संख्या से जुड़ा पिछले 10 सालों का आंकड़ा देने के लिए कहा।

जवाब में सरकार ने उन्हें अप्रैल 2005 से लेकर अभी तक की जानकारी मुहैया कराई। वित्तीय वर्ष के आधार पर दी गई जानकारी के मुताबिक यहां भिखारियों की संख्या ने कभी भी 300 तक का आंकड़ा पार नहीं किया और यह आंकड़ा भी तब का है, जब दिल्ली में शीला दीक्षित की सरकार थी।